# दिल्ली विधान सभा

## समाचार भाग-2

(विधायी तथा अन्य मामलों से संबंधित सामान्य जानकारी)
बुधवार,30 नवम्बर,2005/कार्तिक 09,1927(शक)

**संख्या : 116**

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की तीसरी विधान सभा के छठे सत्र का प्रारंभ:**

माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की तीसरी विधान सभा का **छठा सत्र सोमवार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2005 को अपराहन 2.00 बजे से विधान सभा सभागार, पुराना सचिवालय, दिल्ली में प्रारंभ होगा ।**

**छठे सत्र के दौरान कार्य निष्पादन के लिये दिनों का आबंटन:**

कार्य निष्पादन हेतु विधान सभा की बैठकें अस्थायी तौर पर 19,20,21,22 एवं 23 दिसम्बर,2005 के लिए निर्धारित की गई हैं ।

**विधान सभा की बैठकों का समय:**

विधान सभा की बैठकें अपराह्न 2.00 बजे प्रारंभ होगी और तब तक चलेंगी जब तक उसे उस दिन के लिये स्थगित न कर दिया जाये।

**प्रश्नों की सूचनाएं एवं बैलेट:**

छठे सत्र के लिये प्रश्नों की सूचनाएं तत्काल प्रभाव से प्राप्त की जायेगी ।

**छठे सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर देने के लिये दिनों का आबंटन (नियम-37):**

मंत्रियों द्वारा पांचवें सत्र में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देने के लिए निम्नानुसार दिनों को निर्धारित किया गया है: -

| क्र. सं. | विभाग | बैठक की तिथि | कॉलम-2 में दर्शाये विभागों से संबंधित प्रश्नों के नोटिस प्राप्त करने की तिथि ( अप. 3.00 बजे तक) | मौखिक रूप से पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्राथमिकता निर्धारित करने के लिए बैलेटिंग की तिथि (अप. 5.00 बजे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ऊर्जा,समाज कल्याण,श्रम,रोजगार,शिक्षा,पर्यटन,गुरुद्वारा चुनाव एवं प्रशासन,कला,साहित्य एवं भाषा | 19.12.2005 सोमवार | 6.12.05 मंगलवार | 6.12.05 मंगलवार |
| 2 | उच्च शिक्षा, सतर्कता, जल,प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा, ,लोक निर्माण विभाग एवं आवास,सिंचाईं एवं बाढ़ नियंत्रण,अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, भूमि एवं भवन, | 20.12.2005 मंगलवार | 7.12.05 बुधवार | 7.12.05 बुधवार |
| 3 | गृह,कारागार,सेवाएं,वित्त,योजना,बिक्री कर,आबकारी,खाद्य एवं संभरण,पर्यावरण,वन एवं वन्य जीव | 21.12.2005 बुधवार | 8.12.05 वृहस्पतिवार | 8.12.05 वृहस्पतिवार |
| 4. | विकास,सहकारिता,परिवहन,चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य,परिवार कल्याण,खाद्य अपमिश्रण,उद्योग,चुनाव | 22.12.2005 वृहस्पतिवार | 9.12.05 शुक्रवार | 9.12.05 शुक्रवार |
| 5. | प्रशासनिक सुधार,सामान्य प्रशासन,जन सम्पर्क, विधि,न्याय एवं विधायी कार्य,सूचना एवं प्रौद्योगिकी,शहरी विकास | 23.12.2005 शुक्रवार | 9.12.05 शुक्रवार | 9.12.05 शुक्रवार |

**टिप्पणी**

1. प्रश्न सामान्यत: एक ही विभाग से संबंधित होने चाहिए (नियम-31(xxii)) छठे सत्र हेतु प्रश्नों की सूचना **तत्काल प्रभावी** होगी ।
2. माननीय सदस्य कृपया ध्यान दें कि कालम 3 और 4 के अनुसार यदि विभिन्न विभागों से संबंधित किसी प्रश्न की सूचना अंतिम तिथि और समय के पश्चात प्राप्त होगी तो ऐसी सूचना अस्वीकृत मानी जायेगी । सूचनाएं प्राप्त करने का समय अपराह्न 3.00 बजे तक है ।

